# कार्यालयः जिला शिक्षा पदाधिकारी,बक्सर

(माध्यमिक शिक्षा एवं साक्षरता)
पिन कोड0–802101,
Email-buxar.rmsa@gmall.com

## आम–सूचना

परीक्षा नियंत्रक (विविध), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के पत्रांक 227/2026 दिनांक 04.05.2026 के द्वारा माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET) 2025 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का रिजल्ट कार्ड वितरण कराने से संबंधित दिशा–निर्देश दिया गया है। उक्त के आलोक में माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET) 2025 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का रिजल्ट कार्ड राजकीय बुनियादी विद्यालय, बक्सर (नगर भवन के बगल मे, स्टेशन रोड, बक्सर) दिनांक 18.05.2026 से 23.05.2026 तक पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक रिजल्ट कार्ड वितरण किया जाएगा।

Telegram-Shixadixa

रिजल्ट कार्ड प्राप्त करने के समय अभ्यर्थियों को प्रवेश–पत्र की छायाप्रति/परीक्षाफल की वेब कॉपी एवं फोटोयुक्त भारत सरकार या राज्य सरकार द्वारा निर्गत वैध पहचान पत्र की मूल प्रति वितरणकर्ता को उपलब्ध कराना होगा । अभ्यार्थियों द्वारा पहचान पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति वितरणकर्ता अपने पास सुरक्षित संधारित करेंगे। किसी भी परिस्थिति में बिना वैध पहचान पत्र के अथवा किसी अन्य व्यक्ति को रिजल्ट कार्ड उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। अभ्यर्थियों के प्रमाण–पत्र वितरण कराने के पश्चात् प्राप्ति रशीद पर अभ्यर्थियों का हस्ताक्षर एवं मोबाईल नम्बर अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।

11/05/26

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
माध्यमिक शिक्षा एवं साक्षरता,
बक्सर।

डॉ0 तनवीर आलम, नि0शि0से0 (प्रशासन)
जिला शिक्षा पदाधिकारी, शेखपुरा।

बिहार सरकार

प्रथम तल, शिक्षा भवन,
शेखपुरा 811105
☏ [illegible]
Website : [illegible]
Email Id : [illegible]

## कार्यालय आदेश

परीक्षा नियंत्रक (विविध), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना के पत्रांक 227/2025, दिनांक 04.05.2025 द्वारा माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET) 2025 का रिजल्ट कार्ड अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को प्राप्त हुआ है। जिले के सभी माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET) 2025 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15.05.2025 एवं 16.05.2025 के अपराह्न 01.00 से 05.00 बजे तक अभ्यास मध्य विद्यालय शेखपुरा मे वितरित किया जायेगा। प्रमाण– प्राप्त करने हेतु निम्नांकित कागजात अभ्यर्थी स्वयं साथ में लायेगें। श्री पवन कुमार, लिपिक को आदेश दिया जाता है कि आपने देख–रेख में निम्नांकित कर्मियों के सहयोग से प्रमाण – पत्रो का वितरण कराना सुनिश्चित करेगें।

01. मो0 मुस्तफा, निम्नवर्गीय लिपिक
02. श्री राजू कुमार, कम्प्युटर ऑपरेटर।
03. मो0 दानिश, विद्यालय लिपिक एवं
04. श्री विपिन कुमार, परिचारी

नोट :– अभ्यर्थी उत्तीर्णता प्रमाण–पत्र प्राप्त करने हेतु प्रवेश पत्र/परीक्षाफल की वेब कॉपी एवं फोटो युक्त भारत सरकार या राज्य सरकार द्वारा निर्गत वैद्य पहचान पत्र की मूल प्रति व उसकी स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति साथ लावेगें (मूल प्रति देखकर वापस कर दिया जायेगा)।

(डॉ0 तनवीर आलम)
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
शेखपुरा।

ज्ञापांक 686 / शेखपुरा, दिनांक 11 / 05 / 2025

प्रतिलिपि :– संबंधित कर्मी एवं संबंधित अभ्यर्थी जिला–शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि को वांछित कागजात के साथ उपस्थित होकर अपना उत्तीर्णता प्रमाण – पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करेगे।

(डॉ0 तनवीर आलम)
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
शेखपुरा।

# कार्यालय–जिला शिक्षा पदाधिकारी, जमुई।

Email Id- deojamui.edn@gmail.com

## कार्यालय–आदेश

परीक्षा नियत्रंक (विविध), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के पत्रांक–227/2026, दिनांक–04.05.2026 के आलोक में माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET) 2025 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का रिजल्ट कार्ड वितरण कराने का निदेश है।

उक्त आलोक में जिला अन्तर्गत रिजल्ट कार्ड वितरण कार्य हेतु निम्न रूप में टीम का गठन किया जाता है :–

1. श्री राकेश आनंद, कार्यक्रम सहायक
2. श्री अमित कुमार, कार्यक्रम सहायक
3. मो0 मुर्तजा आलम, कार्यक्रम सहायक
4. श्री दिव्य कुमार, प्रतिनियुक्त विद्यालय सहायक

2. रिजल्ट कार्ड का वितरण कार्य निम्न तालिका के अनुरूप जिला शिक्षा कार्यालय, जमुई परिसर में की जाएगी :–

| क्रम | वर्ग | तिथि एवं समय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 11-12 to 09-10 | 13.05.2026 / 11:00 पूर्वा0 से 04:00 अप0 तक | |
| | | 14.05.2026 / 11:00 पूर्वा0 से 04:00 अप0 तक | |
| | | 15.05.2026 / 11:00 पूर्वा0 से 04:00 अप0 तक | |
| | | 16.05.2026 / 11:00 पूर्वा0 से 04:00 अप0 तक | |

3. संबंधित अभ्यर्थियों रिजल्ट कार्ड प्राप्त समय प्रवेश पत्र/परीक्षाफल की वेब कॉपी की छायाप्रति एवं फोटो युक्त भारत सरकार या राज्य सरकार द्वारा निर्गत वैध पहचान–पत्र की मूल प्रति तथा पहचान पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ ससमय रिजल्ट कार्ड प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।

4. संबंधित अभ्यर्थियों स्वयं रिजल्ट कार्ड प्राप्त करने हेतु उपस्थित रहेंगें किसी भी परिस्थिति में किसी अन्य व्यक्ति को रिजल्ट कार्ड उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

ह0/-
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
जमुई।

ज्ञापांक–915/जमुई, दिनांक–11/05/2026

प्रतिलिपि– संबंधित अभ्यर्थियों, जिला–जमुई/संबंधित प्राधिकृत कर्मी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जमुई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि पत्र NIC Jamui के बेवसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

11/5/26
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
जमुई।

# कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, नवादा।

ई–मेल:– deonawada.cdn@gmail.com

## कार्यालय – आदेश

परीक्षा नियंत्रक (विविध) बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के पत्रांक के0वि0–227/2026, दिनांक 04.05.2026 द्वारा प्राप्त पत्र में दिये गये निदेश के आलोक में माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET) 2025 तथा स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा (चतुर्थ) के अभ्यर्थियों का रिजल्ट कार्ड वितरण कराने हेतु **कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, नवादा के माध्यमिक शाखा में दिनांक 12.05.2026 से दिनांक 31.05.2026** तक निम्नांकित कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया जाता है। रिजल्ट कार्ड का वितरण कार्यालय अवधि में अवकाश के दिनों को छोड़कर की जायेगी। उक्त निर्धारित तिथि तक माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET) 2025 तथा स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा के उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र/परीक्षाफल की वेब कॉपी की छायाप्रति एवं फोटो युक्त भारत सरकार या राज्य सरकार द्वारा निर्गत वैध पहचान–पत्र की मूल प्रति एवं स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ निर्धारित स्थल कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, नवादा में रिजल्ट कार्ड का वितरण कार्य करेंगे। प्रतिनियुक्त कर्मी को निदेश दिया जाता है कि उक्त निर्धारित अवधि में अपने देख–रेख में सुरक्षितरूप से रिजल्ट कार्ड वितरण करना सुनिश्चित करेंगे जो निम्नवत् है:–

| | पदस्थापित कर्मी का नाम एवं पद नाम | क्रमांक से | क्रमांक तक |
|---|---|---|---|
| पेपर – 1 | श्री संजय कुमार मेहता, लिपिक इंटर विद्यालय नारपुर पकरिया, नारदीगंज, नवादा | 23100001 | 23102014 |
| पेपर – 2 | श्री प्रियरंजन कुमार, लिपिक इंटर विद्यालय मेढ़कुरी, मेसकौर, नवादा | 23200001 | 23201636 |
| सक्षमता–4 (क्लास 1 से 5 तक) | श्री मिहिर गर्ग, लिपिक उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कुलना | 23100001 | 23100064 |
| सक्षमता–4 (क्लास 1 से 5 तक) | | 23200001 | 23300004 |
| सक्षमता–4 (क्लास 6 से 8 तक) | | 23200001 | 23200010 |
| सक्षमता–4 (क्लास 9 से 10 तक) | | 23300001 | 23300004 |
| सक्षमता–4 (क्लास 11 से 12 तक) | | 23400001 | |
| 1. मो0 साजिद अख्तर, परिचारी कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, नवादा<br>2. श्री मनोज कुमार, परिचारी, बी0आर0सी0 हिसुआ | | कार्यालय कार्य करते हुए उक्त कार्य में भी सहयोग करना सुनिश्चित करेंगे। | |

Telegram-Shixadixa

ह0/
जिला शिक्षा पदाधिकारी
नवादा

ज्ञापांक : 181 नवादा, दिनांक: 011/05/26

प्रतिलिपि : संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक/संबंधित परिचारी एंव संबंधित कर्मी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि प्रतिनियुक्त कर्मी उपस्थित होकर रिजल्ट कार्ड का वितरण करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि : जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, नवादा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। आपको निदेश दिया जाता है कि रिजल्ट कार्ड का वितरण अपने देख–रेख में कराना सुनिश्चित करेंगे।

11/05/26
For जिला शिक्षा पदाधिकारी
नवादा
11.05.26